विधान सभा प्रश्न/आज

संख्या 13/वि0स0-5/78-2-2013-152आई.टी./2013

प्रेषक

निर्मला श्रीवास्तव
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
यूपीडेस्को,
लखनऊ।

आई.टी. एवं इले. अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 06 दिसम्बर, 2013

विषय: विधान सभा के तृतीय सत्र- 2013 के दूसरे गुरूवार हेतु निर्धारित तारांकित प्रश्न संख्या-01 का उत्तरालेख उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक यूपीडेस्को पत्र संख्या 2887, दिनांक 4.12.2013 का कृपया सदंर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया विधान सभा जैस महत्वपूर्ण प्रकरण में इस प्रकार का उत्तर भेजा जाना कदाचित उचित नहीं है। अत: प्रश्न का पूर्ण उत्तरालेख संबंधित विभागों से समन्वय कर अनुपूरक सामग्री सहित आज ही शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(निर्मला श्रीवास्तव)
अनु सचिव

संख्या 13/वि.स.-5(1)/78-2-2012 तद दिनांक

1. उपमहानिदेशक, एनआईसी को तारांकित प्रश्न संख्या-01 की प्रति इस अनुरोध के साथ संलग्न का प्रेषित की जा रही है कि कृपया अपने से संबंधित सूचना आज ही सीधे यूपीडेस्को को उपलब्ध कराते हुए प्रति शासन को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. पुलिस महा निरीक्षक (अपराध) पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, 1 तिलक मार्ग लखनऊ को तारांकित प्रश्न संख्या-01 की प्रति इस अनुरोध के साथ संलग्न का प्रेषित की जा रही है कि कृपया अपने से संबंधित उत्तरालेख अनुपूरक सामग्री सहित आज ही सीधे यूपीडेस्को को उपलब्ध कराते हुए प्रति शासन को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक यथोक्त ।

आज्ञा से,

(निर्मला श्रीवास्तव)
अनु सचिव